Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to establish Kendriya Vidyalayas in Rajsamand Parliamentary Constituenc Rajasthan.

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): माननीय सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान मे संसदीय क्षेत्र राजसमंद (राजस्थान) के अंतर्गत राजसमंद, मेड़ता, भीम और जैतारण में केन्द्रीय विद्याल खोलने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में बड़ी संख्या सैनिक परिवार और केन्द्रीय कर्मचारी निवास करते हैं और उच्च गुणवत्तापूर्व शिक्षा प्राप्ति के लिए य केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग लगातार की जाती रही है। मैंने इस संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री को प लिखकर पूर्व में अनुरोध भी किया है। राजसमंद, मेड़ता और भीम में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की सभ औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं और केन्द्रीय विद्यालय संगठन के जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय से प्रस्ता संगठन के मुख्यालय में भिजवा दिया गया है जबकि जैतारण की प्रक्रिया अभी बाकी है। स्कूल शिक्षा में न कीर्तिमान स्थापित करने में केन्द्रीय विद्यालय की महत्ती भूमिका है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से विद्यार्थियों क भविष्य संवर सकता है। इसके लिए आवश्यकता के अनुसार क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना हो चाहिए। पूरा राजसमंद लोकसभा क्षेत्र लाभान्वित हो इसके लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति मिल आवश्यक है।

अत: मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जिला मुख्यालय राजसमंद, मेड़ता, भीम औ जैतारण में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएं।